Inspired by Science

PIIL:SEC:NSE/BSE:46:2024-25
September 04, 2024

| | |
|---|---|
| BSE Limited<br>Corporate Relationship Deptt.<br>PJ Towers, 25th Floor,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br><br>**Code No.523642** | National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, Plot No. C/1, G-Block<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai – 400 051<br><br>**Code No. PIIND** |

Dear Sir/ Madam,

**Sub: Newspaper advertisement for Loss of share certificates.**

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclosed herewith copy of Advertisement, for loss of share certificate, published in the Pratahkal (Daily newspaper- Hindi Edition), Udaipur (Rajasthan) on September 04, 2024.

This is for your information and record please.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **PI Industries Limited**

SONAL RAMANAND TIWARI
Digitally signed by SONAL RAMANAND TIWARI
Date: 2024.09.04 17:07:48 +05'30'

**Sonal Tiwari**
**Company Secretary**
**ACS: 16638**

**Encl**: As above.

**PI Industries Ltd.**
Corporate Off.: Vipul Square, 5th Floor, B-Block, Sushant Lok, Phase I, Gurgaon – 122009, Haryana, India. Tel.: +91-124-679000
Regd. Off.: Post Box No.20, Udaisagar Road, Udaipur – 313001, Rajasthan, India. Tel.: +91-294-2491451-5, 6651100, Fax: +91-294-2491946
Email: info@piind.com, www.piindustries.com, CIN: L24211RJ1946PLC000469

## सार समाचार

### घाटोल, कुशलगढ़ के करोड़ों के बिल अटके, ईसीएस नहीं होने से बकाया

**बांसवाड़ा ( प्रातःकाल संवाददाता )।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, राज्य प्रभारी एमडीएम को ज्ञापन भेज कर छह माह से मध्यान भोजन योजना की राशि जारी करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सह सचिव अरुण व्यास ने बताया कि जिले के सबसे बड़े ब्लॉक घाटोल के 464 विद्यालय ओर कुशलगढ़ के 350 विद्यालयों के मध्यान भोजन योजना के बिल पास होकर भी भुगतान ईसीएस नहीं होने से अटके हुवे हैं। किराणे का हजारों रुपिया भुगतान नहीं होने से दुकानदार की रोज-रोज की पूछताछ से एमडीएम प्रभारी परेशान हैं। ब्याज पर उधार लेकर स्कूल में मध्यान भोजन योजना चलाई जा रही हैं। इधर कई जगह उमावि में विकास या अन्य कोष से अस्थाई भुगतान किया जाकर आगामी प्राप्ति पर समायोजन करने के वैकल्पिक व्यवस्था की गई है किन्तु निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के प्राथमिक विद्यालय, मिडिल स्कूलों में फीस और आए के स्त्रोत नहीं होने से हालात बेहद विकट है। उधारी हजारों की हो गई है अध्यापक मुंह छिपाते घूम रहे हैं। घाटोल और कुशलगढ़ को छोड़ कर अन्य ब्लॉक में गत शैक्षिक सत्र का भुगतान किया जा चुका है घाटोल और कुशलगढ़ के भी बिल कोष कार्यालय में पास हो गए है ईसीएस नहीं होने से राशि अटकी हुई हैं।

### परिचालक ने वरिष्ठ नागरिक से बदसलूकी कर जबरन वसूला पूरा किराया

**- सह यात्री का आधा किराया के बजाय पूरा टिकट थमाया**

**गंगापुर ( प्रातःकाल संवाददाता )।** राजस्थान सरकार तो वरिष्ठ नागरिकों को पूरी तरह से मान सम्मान दे रही है लेकिन उनके मातहत अधिकारी कर्मचारी वरिष्ठ नागरीको को अपमानित करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राजस्थान सरकार के रोडवेज निगम ने 80 वर्ष से ऊपर वरिष्ठ नागरिकों को



रोडवेज में सफर करने को लेकर निःशुल्क और उनके सहयात्री को आधा टिकट का प्रावधान कर रखा है लेकिन रोडवेज के परिचालक अपनी मनमानी से वरिष्ठ नागरिकों को परेशान करने पर तुले हुए हैं। ताजा मामला गंगापुर के पंचतीर्थ मंदिर मोहल्ला निवासी सेवानिवृत शिक्षक गंगा सिंह चौहान के साथ पेश आया है। दरअसल चौहान भीलवाड़ा से गंगापुर अपने पोते के साथ यात्रा करने को लेकर भीलवाड़ा स्थित स्टेशन से रोडवेज बस नंबर आर जे 14 पीई 52120 में दोपहर एक बजे सवार हुए बीच रास्ते में भीलवाड़ा आगार की बस जो उदयपुर जाने वाली थी उसके परिचालक रामनिवास ने वरिष्ठ नागरिक चौहान के साथ बदसलूकी करते हुए इस तरह का किसी प्रावधान नहीं होने की बात कहते हुए पूरा टिकट काट दिया साथ ही उनके सहयात्री का भी पूरा टिकट बनाया जब वरिष्ठ नागरिक चौहान ने इस पर आपत्ति जताते हुए राज्य सरकार के नियमों का हवाला दिया तो वह गाली गलौज पर उतारू हो गया काफी समझाईश के बाद भी वह अपनी मनमानी पर ही अड़ा रहा और वरिष्ठ नागरिक को पूरा किराया चुकाना पड़ा साथ ही उनके से यात्री जिसका आधा किराया ही बनता था उसको भी पूरा टिकट लेना पड़ा

### अतिक्रमियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी



**चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )।** नगर परिषद अतिक्रमण दस्ते के द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए मीठा राम जी का खेड़ा पुलिस लाइन के पीछे से नगर परिषद की करोड़ों रुपयों की बेशकीमती भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया। आयुक्त रविन्द्र सिंह यादव ने बताया कि नगर परिषद द्वारा लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणो को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को नगर परिषद द्वारा मीठाराम जी का खेडा में पर कातिपय लोगो द्वारा काफी समय से कब्जे किये जाने के प्रयास किये जा रहे थे, जिसे परिषद के अधिशाषी अभियन्ता जितेन्द्र मीणा, अतिक्रमण निरोधक दल प्रभारी रमेशचन्द्र चांवला, स्वास्थ्य निरीक्षक नरसीलाल स्वामी के निर्देशन में परिषद संसाधनो से हटाया। इस दौरान मौजूद कुछ अतिकर्मियों एवं महिलाओं द्वारा हंगामा करते हुए पत्थर बाजी करने का प्रयास किया गया, लेकिन सदर थानाधिकारी गजेन्द्रसिंह मय जाब्ता उपस्थित होने से मामला शांत हो गया।

### बरसात में 11केवी की लाईन पर काम करते करंट से ठेकाकर्मी की मौत

**उदयपुर।** सलूम्बर जिले के कूण थाना क्षेत्र में एआरजी कम्पनी के तहत टेकण लसाड़िया में 11 केवी की लाईन पर बरसात के दौरान कार्य करते विद्युतकर्मी की मौत हो गई, जबकि चार जनें गंभीर झुलस गये। कम्पनी की ओर से दो लाख रुपये और ठेकेदार की ओर से तीन लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आलू खेड़ा भीण्डर निवासी मोहनलाल (27) पुत्र शंभूलाल मीणा, मोहनलाल (22) पुत्र नारायण मीणा, लालूराम (28) पुत्र गणेश मीणा, प्रकाश (25) पुत्र बाबरू मीणा व नानालाल (23) पुत्र पेमा मीणा जो टेकण लसाड़िया में ठेकेदार पप्पू मीणा के अधीन बरसात के दौरान सोमवार को दोपहर 11केवी की लाईन पर काम कर रहे थे कि अचानक करंट आने से पांचों जनें गंभीर झुलस गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एमबी चिकित्सालय लाए, जहां मोहनलाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि चारों साथी विद्युतकर्मियों की हालत स्थिर बनी हुई है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही से पूर्व मृतक के परिजनों ने ठेका कम्पनी से मुआवजे की मांग की। काफी जद्दोजहद के बाद पांच लाख रुपये पर आपसी सहमति बनी। दो लाख रुपये मुर्दाघर के बाहर ही नकद परिजनों को भुगतान कर दिया जबकि शेष तीन लाख रुपये छह माह बाद ठेकेदार पप्पूलाल द्वारा देना तय किया गया।

### बिजली गिरने से युवती की मौत

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के सायरा थाना क्षेत्र में खेत से घास लेकर आ रही एक युवती पर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पानेर के गोदो का गुड़ा के पुलिया के पास अणछीबाई (30) पत्नी कालू सिंह पालतू पशुओं के लिए चारा लेकर घर पर आ रही थी कि बारिश के दौरान उस पर बिजली गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### चलती बाईक से गिरने से महिला की मौत

**उदयपुर।** जिले के लसाड़िया थाना क्षेत्र में एक चलती बाईक से गिरने से एक अधेड़ महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार ललिता (52) पत्नी मेघराज मीणा निवासी मंगलवाड़ जो 1 सितम्बर को अपने किसी रिश्तेदार के साथ बाईक पर सवार होकर मंगलवाड़ से धरियावद की ओर जाते समय धार-माईदा घाटे में बाईक चालक द्वारा लापरवाही से चलाने पर यह महिला चलती बाईक से गिर गई और सिर पर चोंट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उदयपुर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान इस महिला ने दम तोड़ दिया।

# भवन निर्माण में देरी, यूथ कांग्रेस-एनएसयूआई ने दिया ज्ञापन

**निम्बाहेडा ( प्रातःकाल संवाददाता )।** यूथ युवा कांग्रेस प्रवक्ता राजु चारण ने बताया कि पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के प्रयासों से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में निम्बाहेड़ा उप जिला चिकित्सालय को जिला चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत करते हुए बहु मंजिला भवन निर्माण हेतु 55 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होकर निर्माण कार्य वर्ष 2023 के मई माह में भी शुरू हो गया था, कार्य पूर्ण करने की अवधि 6 माह थी। जबकि अवधि से 9 माह ऊपर हो जाने के बावजूद जिला चिकित्सालय का निर्माणाधीन भवन आज भी उसी हालत में है जैसा वर्ष 2023 के नवंबर में था।

चुनाव के परिणाम आने के बाद सत्ता परिवर्तन होने से चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण का कार्य अटक सा गया है, जहां पूर्व में डेढ़ सौ से अधिक श्रमिक प्रतिदिन कार्य करते थे आज श्रमिकों की संख्या 10 से भी काम रह गई है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रोमिल चौधरी ने बताया कि कांग्रेस सरकार में निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों सहित विभिन्न व्यवस्थाएं की गई थी जिसे अस्पताल की ओपीडी 2500 मरीज



निम्बाहेड़ा। जिला चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण को लेकर युवा कांग्रेस-एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन निम्बाहेड़ा उपखंड अधिकारी सौपा गया। फोटो : कविता पारख

प्रतिदिन तक पहुंच गई थी।

निम्बाहेड़ा अस्पताल में बढ़ी हुई चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ निम्बाहेड़ा क्षेत्र के साथ-साथ राजस्थान की भदेसर, डूंगला, बड़ीसादड़ी एवं छोटीसादड़ी तहसील के साथ-साथ मध्यप्रदेश के नीमच, जावद एवं मंदसौर तहसीलों के नागरिकों को भी हो रहा था परंतु प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद निंबाहेड़ा जिला चिकित्सालय की सभी व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई है। आरएमआरएस के माध्यम से पूर्व में कार्य कर रहे प्रशिक्षित नर्सिंगकर्मियों को हटाकर आरएनआरएस द्वारा अप्रशिक्षित नर्सिंगकर्मियों सहित ऐसे ट्रेनी युवाओं को अस्पताल की बागडोर सौंप दी गई है जो ना तो तकनीकी दक्ष है और ना ही आपात स्थिति को संभालने के योग्य हैं।

पूर्व प्रदेश महासचिव रामकिशन चौधरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण में हो रही देरी एवं अस्पताल में व्याप्त अन्य व्यवस्थाओ का सरकार संज्ञान लेते हुए आवश्यक निर्देश चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ सीएमएचओ एवं निम्बाहेड़ा उपखंड अधिकारी को जारी किया जाए ताकि नवीन भवन का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण हो सके एवं पुराने भवन में चल रहे जिला चिकित्सालय के संचालन में आ रही बाधाओं एवं अव्यवस्थाओं को समय रहते दूर किया जा सके। युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पार्षद रविप्रकाश सोनी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जसवंत सिंह आँजना, ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत जाट, नगर अध्यक्ष दिग्वेन्द्र प्रताप सिंह, सहित पार्टी कार्यकर्ता आमजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस का नारा है - 'भाजपा को शासन से मुक्ति दिलाओं' : डोटासरा



सीमलवाड़ा। सभा को संबोधित करते प्रदेशअध्यक्ष गोविंदसिंह एवं उपस्थित कार्यकर्ता। फोटो : हरीश

**सीमलवाड़ा ( प्रातःकाल संवाददाता )।** चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज होटल ऋतुराज के पास में सभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोट ने भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस का एक ही मिशन है - भाजपा को शासन मुक्त करो। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों से सत्ता हासिल करने के बाद में तानाशाही, सरकारें तोड़ना, धमकियां देना, ईडी की जांच करना जैसे हथकंडे अपना कर सत्ता हासिल की है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी की बोलती बंद कर दी है। उन्हें सही शासन भी नहीं करने दिया जा रहा है उनके नाक में दम कर रखा है। प्रदेश सरकार ने भी अब तक कोई विकास के आयाम स्थापित नहीं किए हैं। चौरासी विधानसभा सीट पर प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद में भी कोई विकास नहीं हुए हैं, खाली चिट्ठियों पर कार्य चल रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने अपना बेटा समझ कर महेंद्रजीत मालवीय को बड़े-बड़े पदों पर बिठाते हुए मां की गोद की तरह कार्य किया है लेकिन मालवीय ने मां के साथ में पार्टी के साथ गद्दारी करते हुए भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस पार्टी को तोड़ने का कार्य किया है। मालवीया द्वारा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के षड्यंत्र को लेकर पूर्व विधानसभा चुनाव में आप पार्टी के साथ गठबंधन किया। आने वाले उपचुनाव में आला कमान निर्देशानुसार फैसला किया जाएगा। यदि कांग्रेस का उम्मीदवार जीता और टिकाऊ है तो ऐसी समस्या गठबंधन की नहीं आती है। लेकिन जहां कांग्रेस कमजोर है और भाजपा मजबूत हो रही है वहां पर गठबंधन करना पड़ता है। मंच पर बैठे बड़े पदाधिकारी को भी चेतावनी दी है कि अपने वाहन के ऊपर नेम प्लेट लगाकर क्षेत्र में नहीं घूमें।

कार्यकर्ता के दुख दर्द एवं समस्याओं में अपना सहयोग देकर पार्टी एवं संगठन को मजबूत करें। उम्मीदवारी करने का सबको अधिकार है लेकिन आा कमान के फैसले को भी एक जुटता के साथ मानना प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का दायित्व रहेगा। सभा में पूर्व मंत्री अर्जुन बामनिया, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व मंत्री डॉ शंकर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियाकांत पंड्या, वर्तमान जिला अध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार, पूर्व यूपी जिला प्रमुख प्रेम कुमार पाटीदार, पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद, पूर्व जिला प्रमुख रतन देवी भराडा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया, पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी, पूर्व प्रधान निमिषा भगोरा, मुस्ताक अहमद पठान, गोवर्धन लाल डेचिया, हबीब फुमती, विधायक गणेश घोघरा, देवयानी कटारा, नूर आलम पठान, बाल गोविंद पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, सुरेश भोई, डुले सिंह, महेंद्र, रूपचंद, राकेश लबाना, बसंती देवी बागड़िया, बच्चू लाल खराड़ी, मौजूद रहे, सभा का संचालन प्रवीण पाटीदार एवं सुरेश भोई किया।

## आज कल्प सूत्र वाचन से मनेगा श्रीमहावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस

**निम्बाहेडा ( प्रातःकाल संवाददाता )।** जैन समाज का महापर्व पर्वाधिराज पर्यूषण भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। श्री त्रिस्तुतिक श्रीसंघ एंव श्री राजेन्द्र सुरी ज्ञान मंदिर टस्ट निम्बाहेडा 8 दिन चलने वाले इस पर्व में आत्मा को सुधारने के लिए तप त्याग तपस्या की आराधना की जाती है। महापर्व का हमारे जीवन में कितना महत्व है उस पर व्याख्यान के माध्यम से प्रकाश डाला और तप त्याग और तपस्या के बारे में श्रावक जनों को प्रेरित किया। चातुर्मासिक तपस्या उपवास जप व विभिन्न धर्मिक अनुष्ठानों के साथ प्रारंथ हो गया है। श्रीसंघ के द्वारा प्रतिदिन चातुर्मास में पयुषण धर्मिक विषयों पर विशेष अमृत प्रवचन श्रृंखला का आयोजन हो रहा है। समाजजन अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाथ ले रहे एंव जिन शासन की शोभा



बढा रहे है। श्री पर्यूषण महापर्व के प्रतिदिन प्रवचन के साथ इस चातुर्मास महापर्व पर पारख परिवार के निवासस्थल पर गत रात्रि को जागरण का कार्यक्रम हुआ एंव मंगलवार सुबह कल्प सूत्र श्रावक व श्राविकाओं जैन मंगल गीत के साथ बेंडबाजों के साथ श्रीराजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर तक पहुच कर वहां महापर्व के चौथे दिन कल्प सूत्र का वाचन शुरू हुआ है। बुधवार को कल्प सुत्र वाचन में श्रीमहावीर स्वामी का जन्मकल्याणक पर्व दिवस मनाया जाएगा। आठवें दिन संवत्सरी पर्व मनाया जाता हैं इस दिन सभी जैन परिवारों में छोटे बच्चों व बडे एंव बुजुर्ग जन सभी एक दिन का उपवास रखते है। शाम को प्रतिक्रमण कर सभी छोटे-बडे व बुजुर्ग एंव समाजजनों से क्षमा याचना करते हैं। उपवास के दूसरे दिन पालना करते है। सभी से क्षमा याचना करते हैं। नगर के सभी जैन जिनालयों में गुरूभक्तों द्वारा श्रीआदिनाथ भगवान की सुबह पक्षाल कर केसर पूजा की जाती है। गुरूभक्तों द्वारा श्रीभगवान की अंग रचना करते हैं। सभी मंदिरों पर विधुत साज -सज्जा की गई है।

**पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**

Inspired by Science

सीआईएन : L24211RJ1946PLC000469
पंजीकृत कार्यालय : उदयसागर रोड, उदयपुर-313 001 (राज.)
फोन : 0294-6651100, फैक्स: 0294-2491946
ई-मेल : investor@piind.com, वैबसाइट : www.piindustries.com

**शेयर सर्टिफिकेट्स खोने की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित शेयर सर्टिफिकेट्स के गुम/खोने की सूचना शेयरधारक द्वारा दी गई है, जिन्होंने डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट्स जारी करने के लिए कंपनी को आवेदन किया है :

| क्र. सं. | पंजीकृत शेयरधारक का नाम/फोलियो सं. | सर्टि. संख्या | विशिष्ट संख्या | | इक्विटी शेयरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | |
| 1. | श्री मांगीलाल घोका (फोलियो नंबर M000000815) | 103703 | 133839306 | 133841465 | 2160 इक्विटी शेयर 1/- रुपये प्रति |

यदि किसी व्यक्ति का उक्त शेयर सर्टिफिकेट् के सम्बन्ध में उसका/उनका कोई दावा है, तो वह अपने दावे से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (यूनिट: पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड), सेलेनियम बिल्डिंग टॉवर-बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32, फाईनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना-500032 (ईमेल आईडी: shivakumar.n@kfintech.com) में प्रेषित करें। यदि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर कोई विधिमान्य और वैध दावा प्राप्त नहीं होता है तो कंपनी उपरोक्त सूचीबद्ध व्यक्ति को डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट्स जारी करने के लिए कार्यवाही करेगी और अन्य किसी व्यक्ति(यों) के किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

कृते पीआई इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड
हस्ता/-
सोनल तिवारी
कंपनी सचिव एवं नोडल अधिकारी

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 03.09.2024

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी- रॉक फॉस्फेट, झामरकोटड़ा, पी.ओ.- झामरकोटड़ा-313015, वाया एवं जिला- उदयपुर (राजस्थान), ई मेल :- luckybhargava.rsmml@rajasthan.gov.in

दिनांक :- 02/09/2024

**निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| Tender No. 08/24-25 दिनांक 31.08.2024 खोलने की दिनांक 25.09.2024 UBN No. MML2425GSOB00105 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ स्प्लिट एयर कंडीशनर, अनुमानित राशि 3,90,000/-, धरोहर राशि 7,800/- निविदा प्रपत्र मूल्य 590/-, |
| Tender No. 09/24-25 दिनांक 31.08.2024 खोलने की दिनांक 25.09.2024 UBN No. MML2425GSOB00106 | ऑटोकैड एल टी सॉफ्टवेयर, अनुमानित राशि 5,95,000/-, धरोहर राशि 11,900/- निविदा प्रपत्र मूल्य 590/-, |
| Tender No. 10/24-25 दिनांक 31.08.2024 खोलने की दिनांक 25.09.2024 UBN No. MML2425GSOB00107 | मेंटेनेंस फ्री अर्थिंग सिस्टम कम्पलीट, अनुमानित राशि 1,93,000/-, धरोहर राशि 3,860/- निविदा प्रपत्र मूल्य 236/-, |
| Tender No. 11/24-25 दिनांक 31.08.2024 खोलने की दिनांक 25.09.2024 UBN No. MML2425GSOB00108 | हेमाटोलॉजिकल सेल काउंटर, अनुमानित राशि 3,50,000/-, धरोहर राशि 7,000/- निविदा प्रपत्र मूल्य 590/-, |

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com / www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा उप महाप्रबंधक (मटेरियल मैंनेजमेंट) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/4584 — उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

# फैक्ट्री गेट पर धरना प्रदर्शन रोकने की मांग, सीमेंट यूनियन से सौंपा ज्ञापन



चित्तौड़गढ़। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते श्रमिक। फोटो : पीयूष

**चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )।** बिरला सीमेंट प्लांट गेट पर धरना प्रदर्शन कर कार्य प्रभावित करने व नियोजित कर्मचारियों को डराने धमकाने के विरोध में सीमेंट फैक्ट्री मजदूर संघ ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की। संघ द्वारा जिला कलक्टर को दिये ज्ञापन में बताया कि उक्त कम्पनी द्वारा सीमेन्ट उत्पादन में की जाने वाली गतिविधियों से इस सम्पूर्ण क्षेत्र का अत्यधिक विकास हुआ है। अत: उक्त कम्पनी द्वारा सीमेन्ट उत्पादन की गतिविधियां सफ्लतापूर्वक लगातार चलना सम्पूर्ण क्षेत्र के लिये व राज्य के लिये अति महत्वपूर्ण है। उक्त कम्पनी राज्य सरकार व केन्द्र सरकार को रॉयल्टी व विभिन्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में काफी बड़ा योगदान राजस्व के रूप में कर रही है, इसके साथ ही सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से राजनैतिक संरक्षण प्राप्त प्रभावशाली व्यक्तियों अपने हितों को पूरा करने के उद्देश्य से आम लोगों को बहकाकर फैक्ट्री के संचालकों पर दबाव बनाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कुछ लोगों द्वारा एकत्रित होकर फैक्ट्री गेट बंदकर सुनियोजित तरिके से धरना प्रदर्शन करते हुए श्रमिकों को डराते धमकाकर कार्य को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। श्रमिकों ने कहा कि सीमेन्ट इकाईयों में सीमेन्ट उत्पादन प्रक्रिया किसी भी प्रकार से ठप्प होती है तो उक्त स्थिति में बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे एवं क्षेत्र राज्य का विकास भी अवरूद्ध होगा। ज्ञापन के दौरान संघ अध्यक्ष भंवरलाल अहीर, महामंत्री दिलीप सिंह राठौड़ सहित कई पधाधिकारी व श्रमिक मौजूद रहे।

**जनप्रतिनिधियों की चल रही दखलंदाजी**

उप नगरीय क्षेत्र चंदेरिया में संचालित हो रहे बिरला सीमेंट वर्क्स के उपक्रम चंदेरिया सीमेंट वर्क में दो दिनों से भाजपा जनप्रतिनिधियों सहयोगियों ने फैक्ट्री में प्रवेश लेने के लिए दो दिनों से श्रमिकों के साथ गेट बंद कर रखा था। विरोध प्रदर्शन में फैक्ट्री के श्रमिक कम नेताओं की दखलंदाजी अधिक दिखाई दे रही है। श्रमिक संघ इंटक अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि चंदेरिया में संचालित हो रहे बिरला सीमेंट वर्क्स के उपक्रम चंदेरिया सीमेंट वर्क्स बहुत ही पुराना उपक्रम है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रमिक काम करके अपने रोजी-रोटी चला रहे हैं। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से चित्तौड़गढ़ में संचालित हो रहे सभी उद्योगों में भाजपाइयों की दखल बढ़ती जा रही है।

पहले हिंदुस्तान जिंक और अब बिरला सीमेंट के इस उपक्रम में भी भाजपा के पदाधिकारी ठेका लेने के लिए फैक्ट्री प्रशासन पर दबाव बनाने का काम कर रहे हैं, जो कि गलत नहीं है। उन्होंने सीधे-सीधे सांसद और उनके सहयोगी भाजपा के श्रवण सिंह राव के कुछ कार्यकर्ताओं पर कई प्रकार के आरोप लगाए।

### बाल गोविंदा ने हैरतअंगेज छलांग लगाकर फौड़ी मटकी

**नाथद्वारा।** नगर के नाथूवास मित्र मंडल सुथारवाड़ा के तत्वावधान में भव्य मटकी फौड का आयोजन हुआ जिसमे बाल गोविंदा ने साहसी प्रदर्शन कर करीब 25 फीट ऊंचाई से जम्प लगाकर मटकी फ़ोडने में सफलता अर्जित की। आयोजक भावेश मित्र मंडल ने क्रेन के सहारे करीब 25 फीट ऊंचाई पर दूध दही युक्त मटकी बांधकर आकर्षक साज सज्जा की। आयोजन में आधा दर्जन युवाओ की टीमो ने उत्साह के साथ भाग लेकर गोविंदा आला रे की धुन के बीच पिरामिड बनाये।

इस बीच अथक प्रयासों के बाद बाल गोविंदा के रूप में आदिवासी बालक रामलाल गमेती ने साहस का परिचय देते हुए लंबी छलांग लगाकर मटकी फोड़ने में सफलता पायी।

इस दौरान भावेश सुथार, जय सुथार, बसंत गुर्जर,यश सुथार, आर्यन गुर्जर,पवन,दीपक, लोकेश दवे,पार्थ गिरीश मीणा युवराज सिंह सहित अन्य कई युवा मौजूद रहे। आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह बना रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाल टावर प्लॉट नंबर-23, न्यू रोहतक रोड करोल बाग नई दिल्ली-110005

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(यों) के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है। ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति(ओं) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर उन्हें एक नोटिस जारी किया गया था। हालाँकि, यह तामील नहीं हुआ है और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम ( ऋण खाता संख्या ) और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षित संपत्ति का विवरण | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना के तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहन सिंह राणावत, रीना कुँवर पत्नी ललित सिंह राणावत पत्नी ललित सिंह राणावत, महेंद्र सिंह राणावत पुत्र मोहन सिंह राणावत, ललित सिंह राणावत पुत्र मोहन सिंह राणावत, महेंद्र सिंह राणावत पुत्र मोहन सिंह राणावत , ललित सिंह राणावत पुत्र मोहन सिंह राणावत, 371105001001, गांव-आंजना तह. रेलमंगरा, जिला-राजसमंद राजस्थान राजसमंद- 313211 | ललित सिंह राणावत पुत्र मोहन सिंह राणावत की संपत्ति गांव-आंजना, ग्राम पंचायत गवारड़ी, तहसील रेलमंगरा, जिला-राजसमंद, राजस्थान में स्थित है और महेंद्र सिंह राणावत पुत्र मोहन सिंह राणावत की संपत्ति स्थित है गांव-आंजना, ग्राम पंचायत गवारड़ी, तहसील में रेलमंगरा जिला-राजसमंद, राजस्थान। | 31-जुलाई-2024 रु. 19,25,401.00/- | 13-सितंबर-2023 |

ये कदम नोटिस की प्रतिस्थापन सेवा के लिए उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ता/ओं और/या गारंटर/ओं (जैसा लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करें। अन्यथा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांकः 04 सितंबर, 2024
स्थानः उदयपुर

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए